# गड्ढों को कफन पहनाकर कांग्रेस का सियासी वार, विधायक-केंद्रीय मंत्री से पूछे सीधे सवाल

**खास बातें**

- ‘विदिशा को पेरिस बनाने का दावा था, फिर सड़कों की यह हालत क्यों?’
- कांग्रेस ने कफन यात्रा निकालकर पूछा, विकास के दावों का हिसाब कब देंगे?

नवभारत न्यूज

**विदिशा 6 सितम्बर, शहर की बदहाल सड़कों और गड्ढों ने अब राजनीतिक रंग ले लिया है.कांग्रेस ने रविवार को अनोखे और तीखे अंदाज में सत्ता पक्ष को घेरा. कांग्रेस कार्यालय से कफन यात्रा निकालकर कार्यकर्ता बिजली घर रोड पहुंचे और प्रखर सोनोग्राफी सेंटर के सामने सड़क पर बने बड़े गड्ढे को कफन पहनाकर उस पर फूल बरसाए. हाथों में तख्तियां लेकर कार्यकर्ताओं ने विधायक और केंद्रीय मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.**




कांग्रेस ने सवाल उठाया कि जब विदिशा को विकास के मॉडल के रूप में पेश करने और पेरिस जैसा बनाने के दावे किए जाते हैं, तो शहर की मुख्य सड़कें गड्ढों में क्यों तब्दील हैं? आखिर इन सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी किसकी है? जनता रोजाना इन गड्ढों से जूझ रही है, हादसों का खतरा उठा रही है, लेकिन जिम्मेदार जनप्रतिनिधि जवाब कब देंगे?

### पहला सवाल -पेरिस बनाने का दावा था, गड्ढों का शहर क्यों बना?

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चुनाव और राजनीतिक मंचों से विदिशा के विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए. शहर को पेरिस जैसा बनाने की बात कही गई, लेकिन आज हालात यह हैं कि मुख्य मार्गों से लेकर कॉलोनियों की सड़कों तक गड्ढे नजर आ रहे हैं. कांग्रेस ने विधायक और केंद्रीय मंत्री से सीधा सवाल किया कि यदि विकास हुआ है तो सड़कें बदहाल क्यों हैं और यदि सड़कें बदहाल हैं तो जिम्मेदारी किसकी है?

### घोषणाएं बहुत हुई, जमीन पर काम कब दिखेगा?

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शहर में सड़क निर्माण और मरम्मत को लेकर समय-समय पर घोषणाएं होती रही हैं, लेकिन जमीन पर स्थिति जस की तस बनी हुई है.कांग्रेस का आरोप है कि जनता को विकास के सपने दिखाए जा रहे हैं, जबकि सड़कें अपनी बदहाली की कहानी खुद बयान कर रही हैं.

### चौथा सवाल - गड्ढे भरने में इतनी देर क्यों?

बिजली घर रोड पर गड्ढे को कफन पहनाकर कांग्रेस ने प्रतीकात्मक रूप से कहा कि सड़क व्यवस्था की ‘मौत’ हो चुकी है. इसके बाद रामद्वारा और मिर्जापुर के पास भी प्रदर्शन किया गया. कांग्रेस ने कहा कि यदि छोटे-बड़े गड्ढों की मरम्मत समय पर कर दी जाए तो सड़कें पूरी तरह जर्जर होने से बच सकती हैं, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण समस्या बढ़ती जा रही है. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक और केंद्रीय मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों से सवाल पूछना जनता का अधिकार है. कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही शहर की सड़कों की मरम्मत और निर्माण का काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा. प्रदर्शन के जरिए कांग्रेस ने साफ संदेश देने की कोशिश की कि अब गड्ढे सिर्फ सड़क पर नहीं हैं, बल्कि सत्ता पक्ष के विकास के दावों पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं.

### दूसरा सवाल -हादसे का खतरा जनता उठाए या जिम्मेदारी भी कोई लेगा?

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि पूरनपुरा, बंटीनगर, आज़ाराम कॉलोनी रोड, आमवाली कॉलोनी सहित कई क्षेत्रों में लंबे समय से सड़कें खराब हैं. बारिश के बाद गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और खतरनाक हो गई है. वाहन चालक और राहगीर रोज जोखिम उठाकर निकल रहे हैं.

## नरोदा स्कूल की जर्जर हालत पर युवा कांग्रेस ने उठाई आवाज

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** ग्राम पंचायत नरोदा के ग्राम नरोदा स्थित शासकीय स्कूल की जर्जर हालत को लेकर युवा कांग्रेस ने चिंता जताई है. संगठन का कहना है कि आठवीं तक संचालित यह स्कूल वर्तमान में महज दो कमरों में चल रहा है. वहीं भवन की स्थिति भी बेहद खराब है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है.युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि बच्चों को जर्जर भवन में पढ़ाना गंभीर विषय है. उन्होंने कहा कि शिक्षा और बच्चों की सुरक्षा सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है. यदि समय रहते स्कूल भवन की स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो किसी अप्रिय घटना की आशंका बनी रहेगी.शर्मा ने बताया कि यह मामला कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री विद्या यादव के माध्यम से सामने आया है. उन्होंने स्कूल बचाओ अभियान में सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया.उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस स्कूल बचाओ अभियान के माध्यम से जिले के स्कूलों की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए प्रयास कर रही है. नरोदा स्कूल की स्थिति को लेकर कलेक्टर को लिखित पत्राचार किया जाएगा. यदि इसके बाद भी सुधार नहीं हुआ तो युवा कांग्रेस आंदोलन करेगी. संगठन ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की है.



## समझाइश के बाद भी बजता रहा डीजे, दो के खिलाफ एफआईआर

- कोतवाली पुलिस ने बड़ा बाजार में की कार्रवाई
- डीजे वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

**विदिशा 6 सितम्बर, शहर में ध्वनि प्रदूषण और तेज आवाज में डीजे संचालन के खिलाफ पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है. नियम विरुद्ध डीजे बजाने और पुलिस की समझाइश के बावजूद संचालन जारी रखने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर डीजे वाहन जब्त किया है. पुलिस के अनुसार बड़ा बाजार क्षेत्र में नियम विरुद्ध डीजे बजाए जाने की सूचना मिली थी.**

सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और डीजे संचालक को निर्धारित नियमों का पालन करने की समझाइश दी. इसके बावजूद डीजे संचालन बंद नहीं किया गया. इसके बाद पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया. मामले में लक्ष्मी नारायण कुशवाहा (31), निवासी खाई मोहल्ला, वाटर वर्क्स रोड तथा देवेंद्र कुशवाहा (28), निवासी राघवजी कॉलोनी, विदिशा को आरोपी बनाया गया है.

### न्यायालय में पेश होने का नोटिस

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने नियम विरुद्ध संचालित डीजे वाहन जब्त कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा कराया. दोनों आरोपियों को न्यायालय में उपस्थित होने के लिए नोटिस भी तामील कराया गया. पुलिस ने डीजे संचालकों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों का संचालन निर्धारित नियमों और समय-सीमा के अनुसार ही किया जाए. नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

## भुजरिया मिलन समारोह में गले मिलकर दिया एकता का संदेश

- रघुवंशी धर्मशाला में धूमधाम से हुआ आयोजन
- शिक्षा और युवाओं की भागीदारी पर दिया जोर

नवभारत न्यूज

**विदिशा,शहर में स्थित रघुवंशी धर्मशाला में रघुवंशी समाज द्वारा पारंपरिक भुजरिया मिलन समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया. समारोह में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी और समाजबंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए.**



युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम में समाजजनों ने एक-दूसरे को भुजरिया पर्व की शुभकामनाएं देते हुए गले मिलकर प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया. समारोह में समाज की एकता, संगठन, शिक्षा और युवाओं की भागीदारी को लेकर भी चर्चा हुई. रघुवंशी समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह रघुवंशी ने कहा कि भुजरिया मिलन समारोह सामाजिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है. ऐसे आयोजनों से समाज के लोगों के बीच संवाद और भाईचारा मजबूत होता है. उन्होंने कहा कि संगठित एवं शिक्षित समाज ही निरंतर प्रगति कर सकता है. युवाओं को शिक्षा के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए. जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने कहा कि भुजरिया बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है. ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने के साथ नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराने का काम करते हैं। उन्होंने सामाजिक एकता और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया. कार्यक्रम में उपस्थित समाजबंधुओं ने सामाजिक हित में मिलकर कार्य करने तथा समाज को अधिक संगठित और मजबूत बनाने का संकल्प लिया.

## सशक्त वाहिनी के नवीन बैच के लिए आवेदन आमंत्रित

**18 वर्ष पूर्ण एवं 12वीं उत्तीर्ण बालिकाएं 15 सितंबर तक कर सकती हैं आवेदन**

नवभारत न्यूज

**विदिशा 6 सितम्बर, कलेक्टर के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिकाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के लिए सशक्त वाहिनी अभियान के अंतर्गत जैन कॉलेज, विदिशा में निःशुल्क कोचिंग कक्षाएं संचालित की जा रही हैं. अभियान के माध्यम से बालिकाओं को शैक्षणिक, बौद्धिक एवं शारीरिक प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा रहा है.**

सशक्त वाहिनी की कक्षाओं में बालिकाओं को निःशुल्क कोचिंग के साथ अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाती है. कक्षाएं प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होती हैं. अनुभवी एवं विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा सामान्य ज्ञान, गणित एवं रीजनिंग सहित विभिन्न विषयों की तैयारी कराई जाती है. इसके साथ ही व्यक्तित्व विकास और शारीरिक दक्षता पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है.महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार नवीन बैच में प्रवेश के लिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी एवं न्यूनतम 12वीं उत्तीर्ण इच्छुक बालिकाएं 7 सितंबर से 15 सितंबर 2026 तक आवेदन कर सकती हैं. आवेदन के लिए बालिकाओं को जैन कॉलेज, विदिशा में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के बीच संचालित सशक्त वाहिनी कक्षाओं में उपस्थित होना होगा.

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को प्रमाण पत्र और उपहार देकर किया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ग्रेटर विदिशा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवगंज क्रमांक-2 में सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं उद्योगपति राकेश शर्मा ने की. इस अवसर पर विद्यालय के गणित शिक्षक रितेश आचार्य एवं जूलॉजी विषय की वरिष्ठ शिक्षिका तथा प्राचार्य मीना




तोमर को प्रमाण-पत्र, अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया. साथ ही विद्यालय के करीब 25 शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी अंगवस्त्र एवं उपहार देकर सम्मान किया गया. कार्यक्रम में रोटरी क्लब ग्रेटर विदिशा के अध्यक्ष रविंद्र जैन, सचिव अंकित साहू, मंडल सचिव राज अरोरा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर चंद्र मोहन अग्रवाल, मधु अग्रवाल, भास्कर राव, इंजीनियर संदेश जैन एवं अतुल गोयल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे.

### स्मार्ट क्लास का हुआ लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में सुशील मल्होत्रा के सहयोग से रोटरी क्लब ग्रेटर विदिशा द्वारा उपलब्ध कराई गई टीवी एवं अन्य सामग्री से तैयार स्मार्ट क्लास का लोकार्पण भी राकेश शर्मा ने क्लब सदस्यों के साथ किया. अध्यक्ष रविंद्र जैन ने क्लब की सेवा गतिविधियों की जानकारी दी. मधु अग्रवाल एवं राज अरोरा ने भी संबोधित किया.संचालन चंद्र मोहन अग्रवाल ने किया। मुख्य वक्ता राकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस का महत्व बताया. अंत में प्राचार्य मीना तोमर ने रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया.

## भाजपा कार्यालय में कार्यशाला एवं जिला कार्यसमिति बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**विदिशा. जिला भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले %सेवा संकल्प अभियान% को लेकर कार्यशाला एवं जिला कार्यसमिति बैठक आयोजित की गई. जिला महामंत्री एवं अभियान संयोजक बलवीर रघुवंशी ने अभियान के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी.**

भोपाल संभाग प्रभारी डॉ. तेज बहादुर सिंह ने कार्यकर्ताओं से



अनुशासन, समर्पण और वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ संगठन के लिए कार्य करने का आह्वान किया. जिला प्रभारी सीताराम यादव ने कहा कि सेवा पखवाड़े की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर संचालित करते हुए आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए.

जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ने मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को निस्वार्थ सेवा और सुशासन का उदाहरण बताया. विधायक मुकेश टंडन ने अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से जुटने का आह्वान किया. उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान करीब 13 प्रमुख कार्यक्रम जिला से बूथ स्तर तक आयोजित किए जाएंगे.कार्यक्रम के अंत में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जनसेवा का संकल्प लिया. संचालन जिला महामंत्री अनिल सोनकर ने किया तथा आभार रवि सोनी ने व्यक्त किया. बैठक में पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## विष्णुलोक बैकुंठधाम में जया एकादशी पर मनोकामना दीपदान

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** विष्णुलोक बैकुंठधाम स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में सोमवार 7 सितंबर को भाद्रपद कृष्ण पक्ष की जया एकादशी पर मनोकामना दीपदान कार्यक्रम होगा. धर्मगुरु गिरधर गोविंद प्रसाद शास्त्री के आचार्यत्व में गोधूलि बेला में तुलसी पत्रों से श्रीहरि आराधना, मंगल आरती एवं दीपदान किया जाएगा. श्रद्धालु अक्षय पुण्य की कामना से भगवान श्रीहरि की आराधना करेंगे. इस दौरान गोभक्तों द्वारा हरी घास एवं गुड़ खिलाकर गोसेवा भी की जाएगी.

## ईडब्ल्यूएस सरलीकरण की मांग पर विदिशा में गूंजी मशाल

- अनुराग प्रताप सिंह राघव के नेतृत्व में नीमताल से माधवगंज तक निकली मशाल यात्रा
- 20 सूत्रीय मांगों को लेकर जनजागरण

नवभारत न्यूज

**विदिशा, 6 सितंबर. आर्थिक रूप से कमजोर स्वर्ण वर्ग के अधिकारों और ईडब्ल्यूएस व्यवस्था के सरलीकरण की मांग को लेकर रविवार को विदिशा में मशाल यात्रा निकाली गई. ईडब्ल्यूएस क्रांति के जनक एवं करणी सेना के सेना प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह राघव के नेतृत्व में नीमताल चौराहे से माधवगंज तक निकली यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, विभिन्न स्वर्ण समाज संगठनों के पदाधिकारी एवं नागरिक शामिल हुए. हाथों में मशाल लिए लोगों ने ईडब्ल्यूएस व्यवस्था को सरल बनाने की मांग उठाई.**

यात्रा के बाद आयोजित सभा में अनुराग प्रताप सिंह राघव ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण की व्यवस्था होने के बावजूद कई जटिल नियमों के कारण पात्र लोगों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है. ईडब्ल्यूएस की 20 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेशभर में जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है.

आंदोलनकारियों ने ईडब्ल्यूएस आरक्षण को 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करने, प्रमाण पत्र की वैधता अवधि पांच वर्ष करने, आयु सीमा में वृद्धि और आय सीमा को वर्तमान आर्थिक परिस्थितियों के अनुरूप निर्धारित करने की मांग उठाई.इसके अलावा ईडब्ल्यूएस वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, नि:शुल्क कोचिंग एवं छात्रावास की सुविधा देने तथा वर्ग के हितों की निगरानी के लिए आयोग गठित करने की मांग भी रखी गई.मशाल यात्रा के आयोजन में विदिशा जिला अध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक पिंटू बना, नानक सिंह सहित विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक पदाधिकारियों की भूमिका रही. इस अवसर पर करणी सेना के संरक्षक कमल सिंह जादौन, संगठन महामंत्री दिग्विजय सिंह सोलंकी, संगठन मंत्री अजीत सिंह ठाकुर, अमित सिंह जादौन, राहुल सिंह पवार, राजेंद्र सिंह सिसोदिया, हरेंद्र सिंह, गोपाल सिंह, गणेश सिंह एवं गजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे.

### चार जिलों के बाद विदिशा पांचवां पड़ाव

राघव ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में जनजागरण यात्राएं और सभाएं आयोजित की जा रही हैं. अब तक चार जिलों में अभियान पूरा हो चुका है और विदिशा इसका पांचवां पड़ाव है. इसके बाद अन्य जिलों में भी अभियान जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि अभियान का अंतिम पड़ाव भोपाल होगा. मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर भोपाल में विधानसभा घेराव किया जाएगा.

### बोले राघव-सरलीकरण के बिना पात्रों को नहीं मिलेगा पूरा लाभ

सभा को संबोधित करते हुए राघव ने कहा कि आंदोलन का उद्देश्य किसी अन्य वर्ग के अधिकारों को प्रभावित करना नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को निर्धारित सुविधाओं और आरक्षण का वास्तविक लाभ दिलाना है. उन्होंने ईडब्ल्यूएस व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और व्यावहारिक बनाने की जरूरत बताई तथा समाजजनों से शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अभियान से जुड़ने का आह्वान किया.

### अब नजर भोपाल पर

आयोजकों ने कहा कि ईडब्ल्यूएस की 20 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनजागरण अभियान जारी रहेगा. सरकार द्वारा मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किए जाने की स्थिति में आंदोलन को राजधानी भोपाल तक ले जाने और विधानसभा घेराव का निर्णय लिया जाएगा.


**प्रवचन** | पाठशाला के बच्चों को दिया संस्कार, संयम और जिनदर्शन का संदेश

## राग की आग को भक्ति और आत्मसाधना से ही शांत किया जा सकता है-मुनि श्री निर्णय सागर

नवभारत न्यूज

**विदिशा. संसार में मनुष्य के बंधन का मूल कारण राग और मोह है. यह ऐसी आग है, जो बाहरी साधनों से नहीं बुझती. भगवान की भक्ति, आत्मचिंतन, संयम और त्याग से ही इसे शांत किया जा सकता है. जीवन में रिश्ते निभाते हुए भी राग-मोह से ऊपर उठने का प्रयास करना चाहिए. यह बात मुनि श्री निर्णय सागर महाराज ने रविवार को पाठशाला के बच्चों को संबोधित करते हुए कही.**

राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं अशोक गुड्डू ने बताया कि मुनि श्री ने रक्षाबंधन से जुड़ी पुरानी कथा के माध्यम से राग और मोह का महत्व समझाया. उन्होंने बताया कि एक भाई अपनी बहन को ससुराल से लेने बैलगाड़ी से निकला. रास्ते में उसका बहनोई भी साथ चलने की जिद करने



लगा. ससुराल में मिलने वाली मेहमाननवाजी और उपहारों के आकर्षण के कारण वह समझाने के बावजूद नहीं माना. मुनि श्री ने कहा कि यह प्रसंग बताता है कि मनुष्य जानते हुए भी आकर्षण और मोह के पीछे खिंचता चला जाता है. यही राग की प्रवृत्ति है, जो जीव को अनादिकाल से संसार में बांधे हुए है.यात्रा के दौरान दोनों को जंगल में एक महातपस्वी दिगंबर मुनिराज के विराजमान होने की जानकारी मिली. दूर-दूर से लोग उनके दर्शन के लिए पहुंच रहे थे. मुनिराज की वीतराग मुद्रा से प्रभावित होकर दोनों ने चर्चा की कि यदि एक दीक्षा लेगा तो दूसरा भी दीक्षा लेगा. मुनि श्री ने कहा कि यह प्रसंग बताता है कि व्यक्ति कितना भी राग में बंधा हो, संत-संगति और जिनदर्शन उसके भीतर परिवर्तन की शुरुआत कर सकते हैं. मुनि श्री ने बच्चों और अभिभावकों को धर्म को दैनिक जीवन से जोड़ने की प्रेरणा दी. उन्होंने कहा कि विद्यार्थी स्कूल जाने से पहले भगवान के दर्शन कर एकाग्रता के लिए प्रार्थना करें. इसी तरह व्यवसायी दुकान खोलने से पहले पूजा करें और शाम को दुकान बंद करने के बाद मंदिर जाकर प्रार्थना एवं आत्मावलोकन करें. धर्म केवल पूजा तक सीमित न रहे, बल्कि व्यवहार और दिनचर्या का हिस्सा बने. यही जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग है.उन्होंने कहा कि पाठशाला बच्चों के लिए केवल धार्मिक शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण की पाठशाला है. नियमित अध्ययन, गुरुजनों एवं माता-पिता का सम्मान, जिनदर्शन और अच्छे संस्कार बच्चों को जीवन में श्रेष्ठ बनने की दिशा देते हैं. उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि वे पुरुषार्थ के साथ आगे बढ़ें और भगवान बनने के लक्ष्य की शुरुआत अपने संस्कारों को बेहतर बनाने से करें.

### संस्कारों से शुरू होती है श्रेष्ठ जीवन की यात्रा

मुनि श्री ने बच्चों से कहा कि जीवन में कोई लक्ष्य असंभव नहीं है. निरंतर प्रयास करने वाला व्यक्ति कठिन परिस्थितियों में भी सफलता का मार्ग खोज लेता है. बच्चों को नियमित पाठशाला आने, बड़ों की बात मानने, पुस्तक-शास्त्र पढ़ने और नमोकार मंत्र का अध्ययन करने की आदत डालनी चाहिए. संस्कारों की यही छोटी शुरुआत आगे चलकर जीवन को श्रेष्ठ दिशा देती है.उन्होंने जिनदर्शन के महत्व पर कहा कि प्राचीन जिनालयों में भगवान की वीतराग मुद्रा के दर्शन से मन को शांति मिलती है. अपने बिहार के अनुभव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मंदिर में भगवान के दर्शन और नमोकार मंत्र के जाप से यात्रा की थकान और मानसिक तनाव कम होता है. किसी भी शुभ कार्य से पहले भगवान के चरणों में जाकर सफलता और प्रभावना की प्रार्थना करनी चाहिए.